बिहार में इस समय कितने खाद्य प्रसंस्करण एकक कार्यरत हैं;

(ख) क्या सरकार बिहार में भागलपुर, मुजफ्फरपुर और वैशाली में आम और लीची के उत्पादन के आधार पर नए एकक लगाने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई): (क) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में हैं। सभी खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों के संबंध में राज्यवार सूचना इस मंत्रालय द्वारा नहीं रखी जाती है। बहरहाल, उपलब्ध सूचना के अनुसार बिहार से संबंधित स्थिति निम्नानुसार है:—

	यूनिटों की संख्या
चावल मिल	4872
रोलर फलोर मिल	58
फल तथा सब्जी उत्पाद	41
मृदु वातित जल	12
दूध उत्पाद	2
संगठित बिस्कुट यूनिट	1
मांस प्रसंस्करण	1

(ख) और (ग) यह मंत्रालय स्वयं किसी राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना नहीं करता है।

बिहार में दलितों और पिछड़ों की हत्याओं के मामले

392. **श्री जनार्दन यादव:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मार्च, 1995 से जून, 1995 तक बिहार में हुई सामूहिक हत्याओं में कितने दलितों और पिछड़ों की हत्या हुई; और

(ख) इन हत्याओं को रोकने के लिए केन्द्रीय सरकार क्या योजना बना रही है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०एम० सईद): (क) और (ख) बिहार सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

तेल शोधक कारखानों का निजीकरण

393. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वर्ष 1994-95 के दौरान निर्यात और स्वदेशी मांग की पूर्ति हेतु निजी क्षेत्र में नए तेल-शोधक कारखानों की स्थापना हेतु कुछ इकाइयों को स्वीकृति प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो निजी क्षेत्र की उन इकाइयों का ब्यौरा क्या है जिन्हें तेल शोधक कारखाने स्थापित करने की अनुमति दी गई है तथा उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जहां इन तेल शोधक कारखानों को स्थापित किया जाना है;

(ग) निजी क्षेत्र के अंतर्गत अब तक कितने तेल शोधक कारखानों की स्थापना की गई है और की जा रही है तथा उनकी अनुमानित लागत कितनी है एवं उनका वार्षिक उत्पादन लक्ष्य कितना निर्धारित किया गया है; और

(घ) प्रस्तावित तेल शोधक कारखाने कब तक कार्य/उत्पादन करना शुरू कर देंगे?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) जी, हां।

(ख) से (घ) सरकार ने निजी/संयुक्त क्षेत्र में निम्नलिखित रिफाइनरियों को स्थापित करने के लिए अनुमोदन दिया है।

पार्टी/रिफाइनरी का नाम	क्षमता	स्थान
निजी क्षेत्र की अनुमोदित रिफाइनरियां (डी टी ए के अंतर्गत)		
1. मैसर्स रिलायंस इन्डस्ट्रीज लिमिटेड	15 मि०मी०ट०प्र०व०	गुजरात
2. मैसर्स एस्सार पेट्रोलियम लिमिटेड	9 मि०मी०ट०प्र०व०	गुजरात
3. मैसर्स अशोक लेलैंड गोटको	6 मि०मी०ट०प्र०व०	उड़ीसा
4. मैसर्स मेपलैक उद्योग	0.5 मि०मी०ट०प्र०व०	गुजरात
5. मैसर्स सोवेरेन फंड मैनेजमेंट (इक्त-प्रतिदात्त इ ओ यू के अंतर्गत)	6 मि०मी०ट०प्र०व०	पश्चिम बंगाल
1. स्विट्ज़रलैंड की मैसर्स इंटरनेशनल पेट्रोलियम एस०ए० (बी०वी०आई०)	5 मि०मी०ट०प्र०व०	गुजरात
2. मैसर्स ब्लैक गोल्ड रिफाइनरिज लिमिटेड	2.5 मि०मी०ट०प्र०व०	आन्ध्र प्रदेश
3. मैसर्स पेट्रो सोर्स एनर्जी कंपनी	4.8 मि०मी०ट०प्र०व०	पांडिचेरी
4. मैसर्स जिंदल फेरो एलायज	6 मि०मी०ट०प्र०व०	आन्ध्र प्रदेश
5. मैसर्स तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम लि० (टी आई डी सी ओ)	2 मि०मी०ट०प्र०व०	तमिलनाडु
6. मैसर्स अबन स्पायड वाइरस आफसोर लि०, मद्रास	3 मि०मी०ट०प्र०व०	तमिलनाडु
संयुक्त उद्यम रिफाइनरी		
1. एच० पी०सी०एल तथा इंडियन रेयन इंडस्ट्रीज के बीच मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रो केमिकल्स लि०	3 मि०मी०ट०प्र०व०	मंगलौर
2.* बी पी सी एल तथा ओमान आयल कंपनी लि० के बीच संयुक्त उद्यम, भारत ओमान रिफाइनरीज लिमिटेड	6 मि०मी०ट०प्र०व०	बीना (मं०प्र०)
3.* एच पी सी एल एवं ओमान आयल कंपनी के बीच संयुक्त उद्यम हिन्दुस्तान ओमान पेट्रोलियम कारपोरेशन लि० (एच ओ पी सी एल) रिफाइनरी	6 मि०मी०ट०प्र०व०	देवगढ़ (महाराष्ट्र)
4.* आई ओ सी तथा कुवैत पेट्रोलियम कारपोरेशन के बीच पूर्वी समुद्रतट रिफाइनरी	6 मि०मी०ट०प्र०व०	पूर्वी समुद्र तट

* सैद्धांतिक अनुमोदन

उपर्युक्त रिफाइनरियों में से कोई भी अभी तक स्थापित नहीं हुई है।

यद्यपि एम आर पी एल को छोड़ कर किसी अन्य रिफाइनरी को चालू करने के लिए कोई खास लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है तथापि पार्टियां संगत अशय पत्रों में दी गयी शर्तों से शासित होगी। एम आर पी एल रिफाइनरी परियोजना को जून, 1996 में पूरा करने का कार्यक्रम है। ठीक ठीक लागत अनुमान सरकार के पास उपलब्ध नहीं है।